>

Title: Regarding opening of Central University in Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि पिछले वर्ष सरकार ने पूरे देश में अलग-अलग प्रदेशों में केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने का निर्णय लिया था, उसमें हिमाचल प्रदेश को भी चुना गया था। जहां मैं इसके लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं, वहीं मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जब यहां से केन्द्रीय टीम वहां निरीक्षण करने गई तो जिला कांगड़ा में पालमपुर में उन्हें जमीन दिखाई गई। केन्द्रीय टीम ने 500 एकड़ जमीन की मांग की थी, जबकि हमारी प्रदेश सरकार ने 697 एकड़ जमीन डेहरा में उसे दिखाई। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा वहां केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने सम्बन्धी कोई कदम आज तक नहीं उठाया गया। मैं यह कहना चाहता हूं कि यूपीए सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद जिस तरह से बड़ी-बड़ी बातें की हैं, कहीं ऐसा न हो कि यह भी सिर्फ बात बनकर ही रह जाए और काम न हो।

अध्यक्ष महोदया: माननीय सदस्य, आपने जो नोटिस दिया है वह हाकी टीम से सम्बन्धित है, जबकि इस वक्त आप किसी और विषय पर बोल रहे हैं। अब आप अपनी बात समाप्त करें।